## स्पीड न्यूज

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कल : अलख दुबे



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता एवं जिले के सभी पदाधिकारी की उपस्थिति में पलामू जिला समाहरणालय कक्ष में 9 सितंबर को समय 11 बजे जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित है। उक्त जानकारी सांसद श्री राम के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

### पांकी विधायक ने किया टाटीदिरी में उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास



**मेदिनीनगर।** पांकी विस क्षेत्र के प्रखंड पांकी के पंचायत नुरु के ग्राम टाटीदिरी में उपस्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने विधिवत पूजा अर्चना व नारियल फोड़कर किया। विधायक ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाया जायेगा। उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण होने से स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सुविधा बेहतर मिलेगा। मौके पर प्रखंड निलांबर पीतांबरपुर प्रमुख सुनील पासवान, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, लोहरसी मंडल अध्यक्ष रौशन सिंह, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर मौजूद थे।

### पिकअप चोरी मामले में एक गिरफ्तार



**विश्रामपुर पलामू।** पूर्व में लूटा गया पिकअप चोरी मामले में रेहला पुलिस ने फरार धीरेंद्र सिंह उर्फ धिरन सिंह पिता राज कुमार चेरो सोनभद्र यूपी के चेरवाडीह टोला भैसबंधवा निवासी को गिरफ्तार कर लिया है। मालूम हो कि रेहला के आशीष राम पिता स्व विगन राम के आवेदन के आधार पर पांच अज्ञात लोगों के विरूद्ध विश्रामपुर-इटको रोड स्थित वनशक्ति होटल के पास से सब्जी लोड पिकअप लूटने के आरोप में नावा बाजार थाना में 25 जून 2003 को मामला दर्ज किया गया था।

### सतबरवा में भगवान गणेश का तीन दिवसीय महोत्सव शुरू



**सतबरवा।** सतबरवा के लक्ष्मण घाट तथा मां काली मंदिर मेलाटांड, बांके बिहारी मंदिर तथा ठाकुरबाड़ी मंदिर के प्रांगण में गणेश पूजा महोत्सव किया गया। शनिवार को लक्ष्मण घाट स्थित पूजा पंडाल का उद्घाटन सतबरवा मुखिया रीना साहू व थाना प्रभारी अंकित कुमार तथा सामाजिक कार्यकर्ता कमलेश प्रसाद ने किया। मुखिया ने कहा कि देवों में भगवान गणेश श्रेष्ठ है। इनकी पूजा के बाद ही किसी की पूजा होती है। थाना प्रभारी ने कहा कि आपको कम समय में भगवान गणेश पूजा अर्चना से श्रद्धालुओं की हर एक मनोकामना पूर्ण होती है। भगवान गणेश सभी के दुखों के हारता है। मौके पर पूजा समिति के सतन जायसवाल, कुंदन जायसवाल, बुजुर्ग सज्जू उर्फ रिंकू कुमार, बबलू कुमार उपस्थित थे।

### फिल्मी स्टाइल में चेन लूट कर फरार

**पड़वा, पलामू।** पड़वा थाना क्षेत्र के कजरी में दो अज्ञात अपराधी फिल्मी स्टाइल में घर के दरवाजे पर बैठे एक व्यक्ति के गले की चेन लूट कर फरार हो गये। जानकारी के अनुसार शनिवार को सुबह करीब दस बजे कजरी में पड़वा प्रखंड के पूर्व प्रमुख सुचिता सिंह के ससुर लल्लु प्रसाद सिंह अपने घर के पास बैठे थे इसी दौरान एक बाइक से दो युवक पहुंच कर एक युवक ने मोबाइल दिखाकर किसी के बारे में पता पूछने के नाम पर उनसे बातचीत करने लगा। लल्लु मोबाइल देखने लगे इसी दौरान दूसरे ने पीछे से गले से चेन छिन ली।

### कोयल नदी में डूबने से बच्चे की मौत



**पड़वा, पलामू।** क्षेत्र के गाड़ीखास निवासी रामलाल मेहता का छोटा पुत्र पियुष की मौत कोयल नदी में नहाने के क्रम में डूबने से हो गयी। जानकारी के अनुसार पियुष अपने दोस्तों के साथ कोयल नदी में नहाने गया था। नहाने के क्रम में डूबने से उसकी मौत हो गयी। इसकी जानकारी आसपास के लोगों ने परिवार वालों और पंडवा थाना को दी। पियूष का शव नाविकों ने निकाला।

### पूर्वडीहा पंचायत में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड के पूर्वडीहा पंचायत में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पूर्वडीहा मुखिया संतोष दूबे ने किया। शिविर में डा राज कुमार सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र से आये करीब दो सौ से अधिक लोगों का स्वास्थ्य जांच कर इलाज किया। ग्रामीणों को दवा भी दी गयी। मुखिया ने कहा कि स्वास्थ्य जांच शिविर गरीब लोगों के लिए लाभप्रद होगा। उन्होंने कहा कि वैसे गरीब लोग जो पैसे के अभाव में अपना इलाज नहीं करा पाते हैं वैसे लोग शिविर का लाभ उठायें। शिविर में बीपी जांच, सुगर जांच, मलेरिया जांच समेत कई तरह के जांच किये गये। शिविर में कृष्णमणि दूबे, अरूण दूबे, मिथिलेश दूबे, सूरज देव दूबे व कई लोग शामिल थे।

### बाजार क्षेत्र में सफाई को लेकर बीडीओ ने की दुकानदारों संग बैठक



**मोहम्मदगंज पलामू।** मोहम्मदगंज बाजार क्षेत्र में साफ सफाई को लेकर शुक्रवार को स्थानीय स्तरोन्नत 10+2 उच्च विद्यालय परिसर में बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी की अध्यक्षता में दुकानदारों की बैठक हुई। बैठक में बाजार को गन्दगी से निजात दिलाने और साफ सफाई पर चर्चा की गई। बी डी ने साफ सफाई के लिए वाहन उपलब्ध कराने की बात कही है।

# ग्रामीणों को कार्य कराने में कार्यालय का अब नहीं लगाना पड़ेगा चक्कर : डॉ मेहता

- पांकी विधायक ने तहसील कचहरी सह हल्का कर्मचारी आवास निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के पंचायत पुर्णाडीह ग्राम उड़हुलिया में तहसील कचहरी सह हल्का कर्मचारी आवास निर्माण कार्य का शिलान्यास पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने पूजा अर्चना कर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि तहसील कचहरी सह हल्का कर्मचारी आवास निर्माण हो जाने से ग्रामीणों का कार्य आसान होगा। अब ग्रामीणों को अपना कार्य कराने के लिए कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।



तहसील कचहरी आवास निर्माण कार्य का शिलान्यास करते विधायक।

**खास बातें :** स्थानीय स्तर पर प्रखंड सह अंचल के पदाधिकारी व कर्मी हमेशा उपलब्ध रहेंगे। कहा कि पांकी विस क्षेत्र विकास के मामले में अन्य प्रखंडों से अव्वल होगा। कहा कि पांकी विस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती गांवों में लोगों तक मुलभूत सुविधा पहुंचायी जा रही है। हरेक गांवों को सड़क, बिजली, पुल पुलिया निर्माण कर प्रखंड मुख्यालय से जोड़ा जा रहा है। कहा कि महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़कर आत्मनिर्भर व सशक्त बनाया जा रहा है। पांकी विस क्षेत्र का तस्वीर बदल रहा है। मौके पर प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, प्रमुख सुनील पासवान, कमेश यादव, अजय पासवान, सुनील कुशवाहा, अनुप कुमार, सुरज कुमार, अरुण कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने किया गौशाला के दो कमरे का शिलान्यास, बोलीं

# शहर में एक गौमुक्ति धाम भी बने

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने शहर के एकमात्र गौशाला, बारहलोटा में गौशाला कमरे का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि हम हिंदू गौ को माता का दर्जा देते हैं, उनकी पूजा करते हैं लेकिन जब माता दूध देना बंद कर दे तो हम उन्हें निकाल कर सड़क पर छोड़ देते हैं जो दुखद है। मुझे खुशी है कि कम से कम हमारी गौशाला कमेटी के लोग इतने संवेदनशील हैं जो हमारे शहर के रोड पर घूमते भूखे प्यासे गायों को लाकर यथासंभव सेवा देते हैं। आज जब मुझ पर कमेटी के लोगों ने आस्था जतायी है तो निश्चित रूप से मैं, मेरा परिवार और शहर के गणमान्य लोगों के सहयोग से गौशाला के दिन बहुरेंगे।





कुदाल चलाकर कमरे का शिलान्यास करतीं प्रथम महापौर व अन्य।

**खास बातें :** उन्होंने कहा कि मुझे एक चीज का बहुत दुख है जब मैं निगम में थी तब भी देखती थीं गौ माता के मरने के बाद लोग यहां वहां गाड़ दिया करते थे आज भी वही दशा है। कहा कि जब आज हम सभी लोगों मिलकर गौ माता को अच्छे से रहने के लिए कमरा बनाने का शिलान्यास कर रहे हैं तो गौ माता के अंतिम संस्कार के लिए प्रशासन से बात कर भूमि आवंटन कराकर जिस तरह मैने अपनी देखरेख में राजा हरिश्चंद्र घाट बनाया है उसी तरह शहर के किसी एक किनारे गौ मुक्तिधाम का भी निर्माण हम सभी हिंदू भाई मिलकर करें। प्रथम महापौर ने कहा मैं हमेशा गौशाला कमेटी के लोगों के साथ खड़ी हूं। इसके बेहतर के लिए जो भी करना होगा मैं और मेरा परिवार करेगा। इस अवसर पर गौशाला कमेटी के अध्यक्ष अनिल पांडेय, सत्येंद्र पांडेय, नरेंद्र मेहता, उदय शुक्ला, विकास तिवारी, भोला पांडे, प्रिया रंजन सिंह ,अमेरिका विश्वकर्मा ,नवल तुलस्यान, सुनील गुप्ता, उपेंद्र प्रसाद, संजय गुप्ता, अनिल गुप्ता एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

टाउन हॉल में लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर का सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम

# सीपीआर प्रशिक्षण को हरेक स्तर तक ले जायें : उपायुक्त

- एक लाख लोगों को सीपीआर ट्रेनिंग देंगे : डॉ प्रवीण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** टाउन हॉल में आयोजित लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम की भरपूर सराहना करते हुए पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने सीपीआर ट्रेनिंग को हरेक स्तर तक ले जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी में किसी की जान बचाने के लिए यह तकनीक बहुत ही ज्यादा उपयोगी साबित होती है और



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

इसका लाभ हरेक स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और सरकारी विभागों से लोगों को मिले इसके लिए प्रयास होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कर क्लब के अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने पलामू के सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह के साथ मिल कर गोल्डन ऑवर इन ट्रॉमा में सीपीआर देने के तरीके के साथ साथ बच्चों में सांस रुकने की स्थिति में सीपीआर देने की विधि के बारे में विस्तार से समझाया।

**खास बातें :** इस प्रक्रिया को अच्छे से समझाने के लिए कई टेबलों पर डॉक्टरों की टीम लोगों को सीपीआर देने के तरीके को दिखा रही थी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सहिया, नर्सिंग कॉलेज के बच्चे, स्कूलों के बच्चे और आम लोग उपस्थित थे। कैम्प के लिए मिले उत्साह को देखते हुए रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया था। अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने बताया कि इस कार्यक्रम की सफलता को देख और जान बचाने में इसके महत्व को देखते हुए लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने यह प्रण किया है कि आने वाले समय मे कम से कम एक लाख लोगों को सीपीआर की ट्रेनिंग दी जायेगी।

# रामचंद्र चंद्रवंशी विवि को मिली यूजीसी से मान्यता : चांसलर

- देश की प्रतिष्ठित विवि के समूह में शामिल हुआ रामचंद्र चंद्रवंशी विवि
- वर्तमान समय में 150 पाठ्यक्रमों की हो रही पढ़ाई
- होम्योपैथी की बीएचएमएस डिग्री के लिए होगा नामांकन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय को यूजीसी से तीन सितंबर को मान्यता दी गयी है। यूजीसी भारत सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के मानक व गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए स्थापित एक वैधानिक निकाय है। आरसीयू अब देश के उन प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के समूह में शामिल हो गया है, जिन्हें यूजीसी से मान्यता प्राप्त है। उक्त जानकारी विवि की चांसलर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी



विश्रामपुर आरसीयू के सभागार में प्रेस वार्ता को संबोधित करते चांसलर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व अन्य।

उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने दी। वे विवि सभागार में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। आरसीयू की इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए यूजीसी के प्रति आभार जताया। साथ ही कहा कि इंडियन नर्सिंग काउंसिल से भी मान्यता मिल गयी है। जिसके तहत एमएससी नर्सिंग व पोस्ट बेसिक नर्सिंग पाठ्यक्रम की शुरुआत होगी। दोनों पाठ्यक्रम के लिए 20-20 सीटों की स्वीकृति मिली है। साथ ही होम्योपैथी बीएचएमएस डिग्री की भी पढ़ाई होगी। जिसके लिए 60 सीटें हैं। इसके लिए पाठ्यक्रम की शुरुआत 2024-25 सत्र से प्रारंभ होगी। विवि में वर्तमान समय 150 पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। विवि के निरंतर उत्थान के लिए प्रयासरत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के सार्थक प्रयास का परिणाम है।

## एससी-एसटी परिवार को उनके हक व अधिकार की जानकारी दें: ब्रह्मदेव प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर कार्यालय में ओबीसी एकता अधिकार मंच ने विश्रामपुर विधानसभा की जन समस्या को समाधान तथा एकजुटता को लेकर बैठक की। जिसके मुख्य अतिथि मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद थे। उन्होंने कहा कि बैठक में नावा बाजार ओबीसी समाज के साथ-साथ एससी और एसटी परिवार के लोग एकजुट होकर अपने हक व अधिकार के लिए आगे आये हैं। कहा कि जिस प्रकार से हमारे समाज के लोगों ने समाज के लिए लड़ते हुए कुर्बानियां दी है उसे बेकार नहीं जाने देंगे। कहा कि



आप यहां से जाने के बाद प्रत्येक गांव, बस्ती, मोहल्ले में ओबीसी के हक अधिकार की बातों को रखिये। एससी एसटी परिवार के हक अधिकार की बातों को बताइये और उन्हें राजनैतिक रूप से जागरूक करें ताकि इस क्षेत्र में भागीदारी सुनिश्चित हो। हमलोग एससी एसटी और ओबीसी परिवार के लोग 100 में से 90 विस, लोकसभा, मुखिया, पंसस, वार्ड सदस्य में हैं।

## पिरी नदी के पास श्मशान घाट बना कर चापानल लगवायेंगे विधायक

- पांकी विधायक डीलर पंकज दुबे के दाह संस्कार में हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पीतांबर पलामू।** पांकी विस क्षेत्र के नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के पंचायत चौरा के दुगिला निवासी डीलर पंकज दुबे का आकस्मिक निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता दाह संस्कार में शामिल हुए। विधायक ने उनके निधन पर गहरा दुख जताया। साथ ही ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआ की। ग्राम दुगिला, नावाडीह तेनार, बारियातू, पटखोलिया के लोगों को दाह संस्कार में परेशानी देख विधायक ने पिरी नदी के बगल में जल्द श्मशान घाट बनाने और चापानल लगाने की घोषणा की जिससे लोगों में खुशी जग गयी। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, चौरा मुखिया गुड्डू पासवान, कमेश यादव, पूर्व मुखिया अजय पासवान, सुनील कुशवाहा, सुरज कुमार आदि उपस्थि थे।

### द्वारिका जी हॉस्पीटल में निःशुल्क जांच शिविर आज : निराला



**मेदिनीनगर।** चियांकी मिशन मोड़ के पास स्थित द्वारिजा जी हॉस्पीटल में आठ सितंबर को निःशुल्क जांच शिविर रखा गया है। इसकी जानकारी हॉस्पीटल के निदेशक रवि कुमार निराला ने दी। बताया कि 10 :30 बजे से 1:30 बजे तक शिविर लगेगा। जिसमें विख्यात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ प्रियंका कुमारी बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर इलाज करेंगी। डॉ प्रियंका ने बताया कि बच्चों का बार-बार बीमार होना, भूख न लगना, बार-बार बुखार आना, खांसी, सर्दी आदि का इलाज शिविर में होगा। क्षेत्र के ग्रामीण आठ को निःशुल्क शिविर में भाग लेकर बच्चों की जांच कर दवा प्राप्त कर सकते हैं।

### वज्रपात से युवक की मौत, गांव में मातम



**मोहम्मदगंज पलामू।** अंचल के लटपौरी पंचायत के बेगमपुरा निवासी अनुज पासवान (25) की मौत शनिवार की दोपहर वज्रपात से हो गयी। वह पशु चरा रहा था। उसी दौरान वज्रपात की चपेट में आने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक के शव को मुखिया उमेश राम एंबुलेंस से पोस्टमार्टम के लिए परिजनों के साथ अनुमंडलीय अस्पताल ले गये।

### राजनीतिक विरोधी बदनाम करने के लिए अपना रहे हैं हर तरह के हथकंडे : अरविंद शुक्ला



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** पंचायत वासियों ने जिस आशा एवं विश्वास के साथ चुनाव जिताया है। उसपर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास कर रहा हूं। पंचायत में व्याप्त जन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर एक एक कर दूर किया जा रहा है। जल्द ही पीसीसी सड़क, नाली निर्माण सहित कई जनोपयोगी योजनाओं का कार्य शुरू कराया जायेगा। जिससे लोगों को सहुलियत हो सके। उक्त बातें हरतुआ मुखिया अरविंद शुक्ला ने कही। वे शुक्रवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक विरोधियों के द्वारा उन्हें बदनाम करने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। लेकिन उनसे कुछ बनने बिगड़ने वाला नहीं है। जहां तक झरकटिया गांव के बबीता देवी को आवास नहीं मिलने की बात है तो प्रतीक्षा सूची में नाम नहीं होने की वजह से आवास नहीं मिल सका था। बबीता सहित सभी जरूरतमंद लोगों का नाम प्रतिक्षा सूची में जोड़वाकर स्वीकृति दिलाया गया है। जल्द ही छूटे लोगों को भी आवास का लाभ दिलाया जायेगा।

## राकांपा नेता ने गणपति पूजा पंडाल का फीता काट कर किया उद्घाटन

**दर्शन को उमड़े श्रद्धालु**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** शहर में मंगलवार से तीन दिनों तक चलने वाले गणपति पूजा महोत्सव शनिवार से प्रारंभ हो गया है। स्थानीय दुर्गा मंदिर के समीप नवयुवक गणपति सेवा समिति द्वारा निर्मित पूजा पंडाल क्षेत्रीय विधायक कमलेश सिंह ने ऑन लाइन उद्घाटन किया। विधायक ने लोगों को गणपति महोत्सव की बधाई दी। वे हरिहरगंज के लोग अपने परिवार हैं। जल्द उनके के बीच आयेंगे। क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। वहीं पार्टी प्रवक्ता गुड्डू सिंह ने कहा कि बुद्धि के देवता भगवान गणेश का पूजन करने से सुख और समृद्धि मिलती है। उन्होंने आयोजक समिति को बधाई देते हुए सभी क्षेत्रवासियों को गणपति पूजा की शुभकामनाएं दी। इनके अलावा राकांपा प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह, अखिलेश मेहता, अजय सिंह, सहित कई पार्टी नेताओं ने गणपति का आशीर्वाद लिया।

### अयोग्य लाभुक सरेंडर करें कार्ड, नहीं तो होगी कार्रवाई

**पाटन पलामू।** उपायुक्त व जिला आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देश पर पाटन प्रखंड के आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार ने सभी पीडीएस विक्रेताओं को अयोग्य कार्डधारियों को चिह्नित कर राशन कार्ड 15 सितंबर तक सरेंडर करवाने को कहा है। एमओ ने पाटन प्रखंड के अयोग्य लाभुकों से भी अपील की है कि वे अपना राशन कार्ड जल्द सरेंडर करें अन्यथा कार्रवाई की जायेगी। कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम व झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत जो आयुष्मान कार्ड पाने के लिए कार्ड बनवाये हैं पर राशन का उठाव नहीं कर रहे हैं।

## भजनिया में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

- एसडीओ ने लाभुकों के बीच साइकिल व धोती-साड़ी का किया वितरण
- आम बागवानी के तीन योजनाओं की स्वीकृत पत्र प्रदान किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड के भजनियां गांव में शुक्रवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चला। शिविर में एसडीओ पीयूष सिन्हा ने लाभुकों के बीच साइकिल और धोती-साड़ी बांटी। मनरेगा के तहत 5 जॉब कार्ड बांटे। आम बागवानी के 3 योजनाओं की स्वीकृति पत्र दिया। महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के स्टॉल का जायजा लिया। प्रखंड कल्याण



पदाधिकारी विवेकानंद पटेल ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी के हाथों 5 स्कूली बच्चों को साइकिल प्रदान किया गया।

# ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में शिक्षक दिवस समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में सभी छात्राओं ने मिलकर शिक्षक दिवस का समारोह आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम शिक्षकों को तिलक लगाकर सम्मान किया गया। तत्पश्चात कॉलेज की प्राचार्य डॉ अनुपमा गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर डॉ राधाकृष्णन की तस्वीरपर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि डॉ राधाकृष्णन का शिक्षा दर्शन अद्वैत और वेदांत पर आधारित था वह उनके शिक्षा



कार्यक्रम में उपस्थित कॉलेज के पदाधिकारी और कर्मचारी।

दर्शन में भारतीय शिक्षा को से भौतिकवादी युग से शिक्षा को पश्चात सभ्यता की ओर अध्यात्म और संस्कृति के साथ जोड़ना चाहते थे। उन्होंने शिक्षा में आध्यात्मिक को अत्यधिक बल दिया था। कार्यक्रम में प्राचार्य व सभी शिक्षकों ने मिलकर केक काटा। सभी छात्राओं ने समारोह में ज्ञानवर्धक व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। कार्यक्रम में सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं व छात्राएं उपस्थित थी।

# 10 को एक साथ जन जन शिकायतों का समुचित समाधान : थाना प्रभारी

- कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर पोस्टर साटकर किया जा रहा प्रचार-प्रसार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** जिले में 10 सितंबर को एक साथ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता और उनके पुलिस बल द्वारा जोर-शोर से प्रचार-प्रसार शुरू कर दिये हैं। घर घर जाकर लोगों को बताया गया कि आपके क्षेत्र में शिकायत केंद्र लगाया जा रहा है। वहीं चौक-चौराहों और अन्य प्रमुख स्थानों पर पोस्टर लगा रहे हैं एवं ध्वनि विस्तारक के यंत्र के



जन शिकायत निवारण का पोस्टर चिपकाते पुलिसकर्मी।

माध्यम से लोगों को कार्यक्रम के बारे में बताया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोगो को इस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त कर सकें। पोस्टरों के माध्यम से आमजन को जागरूक कर रहे हैं कि वे अपने नजदीकी शिकायत केंद्र पर पहुंचकर अपनी शिकायतें दर्ज करायें। इस पहल के तहत विभिन्न सरकारी विभागों से संबंधित समस्याओं को सुना जायेगा और उनका जल्द से जल्द समाधान किया जायेगा। पुलिस को उम्मीद है कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार और नागरिकों के बीच संवाद बेहतर होगा और जन समस्याओं का समाधान भी तेजी से किया जायेगा। वहीं उन्होंने कि पलामू पुलिस का यह कदम नागरिक सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

## स्पीड न्यूज

### बीमरला व दिरगांव पंचायत के ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार का एलान



घाघरा। घाघरा प्रखंड के अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावी इलाका द्वारसैनी में शनिवार को दर्जनों गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने बैठक कर रोड नहीं तो वोट नहीं का फैसला लिया है। इस दौरान बीमरला व दिरगांव पंचायत के जितने भी गांव है सभी गांव के लोग मौजूद थे। ग्रामीणों ने बताया कि रुकी से गुटवा मोड व तुसगांव से कोटाम तक पिछले कई वर्षों से सड़क निर्माण का मांग किया जा रहा है पर प्रशासन व जनप्रतिनिधि के द्वारा सिर्फ हमें आश्वासन मिला सड़क आज तक नहीं बनी। सड़कों पर नुकीले पत्थर निकल आए हैं। जिसमें पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। प्रखंड क्षेत्र के सभी इलाकों में चमचमाती सड़क दिखाई पड़ती है पर हमारे इलाके में सड़क नाम की कोई चीज नहीं है। दुख तो तब होता है जब गर्भवती महिला या बीमार अवस्था में लोगों को प्रखंड मुख्यालय पहुंचना हो तो कोई भी गाड़ी या एम्बुलेंस इधर आना नहीं चाहता। क्योंकि रास्ते पर नुकीले पत्थर निकल आए हैं। जिससे गाड़ी को नुकसान होता है। बीमार व्यक्ति या गर्भवती महिला की पीड़ा देख खून का आंसू रोना पड़ता है। हम सभी ने बैठक कर निर्णय लिया है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में मतदान नहीं करेंगे। जब प्रशासन व प्रतिनिधि के नजर में हमारा गांव व हमारे गांव तक आने वाले सड़क नहीं है। हमें अनदेखा किया जा रहा है तो हम मतदान क्यों करेंगे। पिछले कई बार बैठक कर ग्रामीण वोट बहिष्कार का निर्णय लिए है। अखबार में खबर छपने के बाद प्रखंड व जिला प्रशासन ग्रामीणों को मनाने पहुंचती है और आश्वासन देकर आती है कि चुनाव के बाद सड़क बन जाएगा पर ऐसा नहीं हुआ। अब हम किसी के आश्वासन पर नहीं आयेंगे। वहीं यह भी कहा की बच्चों के शिक्षा पर भी प्रभाव सड़क नहीं होने पर हो रहा है। ग्रामीणों ने कहा की आने वाले विधानसभा में हम सभी वोट बहिष्कार करेंगे। मौके पर सलिंदर उरांव, जमुना उरांव, वीरेंद्र उरांव, संजय खड़िया, भोला महतो, सचिंद्र उरांव, राजू भगत, पंचराम उरांव, बिरसू उरांव, किशोर उरांव, सुखमनिया देवी, कृपा मुंडा, बुद्धिमान उरांव, रामप्रसाद भगत, महाराज उरांव, अरुण साहू, संदेश कुजूर, बिगलु उरांव आदि लोग मौजूद थे।

### सिदो-कान्हू युवा खेल क्लबों को 25 25 हजार का अनुदान मिलेगा

गुमला। गुमला जिला अंतर्गत सभी राजस्व ग्राम में खेल को बढ़ावा देने के लिए ग्राम सभा करते हुए गठित सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब का सोसाइटी एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। रजिस्ट्रेशन कराने के बाद खेल के आयोजनों, खेल सामग्री के लिए सभी क्लब को 25000 का अनुदान राशि दी जाएगी। जिससे ग्राम स्तर पर विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिससे खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आएगा और खिलाड़ी ग्राम स्तर से आगे आकर जिला स्तर, राज्य स्तर व राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन कर सकेंगे। इस योजना का लाभ लेने के लिए युवा क्लब को अपने नजदीकी प्रखंड कार्यालय या जिला खेल कार्यालय में आकर सोसायटी एक्ट के तहत क्लब के रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। इसके लिए जरुरी कागजात में सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब के नाम का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का ज्वाइंट अकाउंट अध्यक्ष और सचिव के साथ ही क्लब के अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष सहित सभी सदस्यों का रंगीन आधार कार्ड, दो दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, एफिडिफिट आदि आवश्यक है। गुमला जिला अंतर्गत 942 गांव में क्लब गठित किया गया है। जिसमे अभी तक सिर्फ 56 क्लब सोसायटी एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन के लिए खेल कार्यालय में आया कर अप्लाई किये हैं। जिसमे 16 क्लब का सर्टिफिकेट रजिस्ट्रेशन विभाग द्वारा इश्यू कर दिया गया है, 40 क्लबों का डॉक्यूमेंट में क्लियर नहीं होने के कारण रिटर्न किया गया है। त्रुटि को दूर करने के लिए क्लबो के अध्यक्ष ,सचिव को बुला कर सही डॉक्यूमेंट अपलोड किया जाया रहा है। जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि खेल नगरी में ग्राम स्तर से खिलाड़ी निकलने, उनके प्रतिभा को निखारने के लिए आवश्यक खेल सामग्री के क्रय आदि खरीदने के लिए डायरेक्ट सिद्धू कान्हू खेल क्लबों को 25000 रुपया से खरीद सकते है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल व इको क्लब ने चलाया स्वच्छता अभियान



गुमला। 1 से 15 सितंबर तक भारत सरकार के द्वारा देशभर में स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। सीबीएसई के निर्देश पर शनिवार को डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के एनसीसी कैडेट्स एवं इको क्लब के मेंबर्स ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर डॉ रमाकांत साहू ने कहा कि स्वच्छता की सामान्य आदतों को अपनाकर हम अपने परिवेश को सुंदर बना सकते हैं। जैसा की कहा गया है कि स्वच्छता भगवान की ओर अगला कदम है। हमलोग अगर आदत के रुप से इसका पालन करे तो आने वाले समय में, स्वच्छ भारत अभियान से पूरा देश साफ सुथरा नजर आएगा। स्वच्छता अभियान का नेतृत्व कर रहे सहायक एनसीसी अधिकारी अभिजीत झा ने बताया कि अभियान के दौरान विद्यालय परिसर एवं नीम टोली के आस पास साफ सफाई की गई। स्वतंत्रता सेनानी शहीद तेलंगा खड़िया के चंदाली स्थित समाधि स्थल की भी साफ सफाई की गई।

### बारिश से चैनपुर में दो घर क्षतिग्रस्त



चैनपुर। चैनपुर मुख्यालय के शिशु मंदिर रोड निवासी जागीर बड़ाइक एवं रूकमणि देवी का मिट्टी का घर शुक्रवार को आए तेज बारिश के कारण पूरी तरह ध्वस्त हो गया। जिसमें घर में सो रहे लोगों को हल्की चोटे भी लगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जागीर बड़ाइक एवं रूकमणि देवी का परिवार रात में खाना खाकर सो रहे थे। वहीं रात में जोरदार बारिश भी हो रही थी। जिसके कारण दोनों का मिट्टी वाला घर अचानक ध्वस्त हो गया। घर के अंदर फंसे लोग किसी प्रकार अपनी जान बचायी। वहीं घर ध्वस्त होने से घरेलू समान भी नष्ट हो गया। इधर घटना की सूचना पर चैनपुर जिप सदस्य मेरी लकड़ा व मुखिया शोभा देवी ने घटनास्थल पर पंहुच कर मामले की जानकारी ली और दोनों पिड़ित परिवारों को 1000 रूपया नगद और एक एक बोरा चावल देकर सहायता की। वहीं जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि जल्द ही अधिकारियों से बात कर दोनों परिवारों को आवास दिलाने का प्रयास करूंगी ताकि इनको बरसात में दिक्कत न हो।

## सड़क हादसे में घायलों का पुलिस तुरंत इलाज कराये : पीडीजे

### मोटरवाहन दुर्घटना पर डालसा के द्वारा कार्यशाला का किया गया आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता





कार्यशाला का उदघाटन करते जिला एवं सत्र न्यायाधीश।

**गुमला।** सिविल कोर्ट गुमला के सभागार में डालसा गुमला के द्वारा मोटर वाहन दुर्घटना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र ने दीप प्रज्जवलित कर उदघाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि दुर्घटना स्थल पर जो भी लोग होते हैं वे थाना एवं कोर्ट में आने के डर से घटना को अनदेखी कर निकल जाते हैं। ऐसी स्थिति में पुलिस का रोल बहुत ही महत्वपूर्ण हो जाता है। पुलिस पदाधिकारी को चाहिए कि यदि व्यक्ति घायल है तो तुरंत अस्पताल ले जाकर उसकी इलाज करा कर उसकी जान बचायें। अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राम कुमार लाल गुप्ता ने कहा कि हिट एंड रन केस में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देश के बारे में बताते हुए कहा कि अगर ऐसा मोटर दुर्घटना घटता है। जिसमें की दुर्घटना कार्य करने वाला गाड़ी की पहचान नहीं हो पाती है तो ऐसी स्थिति में दुर्घटना कृत वाले क्षेत्र जो थाना क्षेत्र में पड़ता हो उसका थाना प्रभारी तुरंत उसका एफआईआर रजिस्टर करे। साथ ही अनुसंधान शुरू कर अविलंब एक माह के अंदर उस दुर्घटना कार्य करने वाले वाहन की पहचान नहीं हो पाती है तो ऐसी स्थिति पर वह दुर्घटना से घायल या दुर्घटना में मृत व्यक्ति के उत्तराधिकारों को लिखित में सूचित करे कि वे मुआवजा राशि हेतु आवेदन दें। साथ ही साथ पीड़ित परिवार के दवा जांच अधिकारी का ऑफिस ईमेल नंबर आदि भी उनको उपलब्ध करायें। डीएसपी वीरेंद्र टोप्पो ने भी सभी थाना प्रभारी से कहा कि दुर्घटना संबंधित मामलों में यथाशीघ्र कार्रवाई करें। बैठक में अधिवक्ताओं ने भी अपने-अपने बात रखी। सभा का संचालन डिप्टी चीफ एलएडीसी बुंदेश्वर गोप ने किया। कार्यशाला में लीगल एड डिफेंस काउंसिल प्रमुख डी एन ओहदार, विद्या निधि शर्मा अधिवक्ता गण एवं सभी थाना के थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 10 को

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस की ओर से शहरी क्षेत्र में राज्य स्तर पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन 10 सितंबर (मंगलवार) को टाउन हॉल, लोहरदगा में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में आम नागरिकों की समस्या/शिकायत का त्वरित निष्पादन किया जायेगा। इस कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों से प्राप्त लिखित एवं मौखिक शिकायत/समस्या पर लोहरदगा जिला के प्रखण्ड कार्यालय एवं थाना/ओ पी/ शाखा के पदाधिकारी से संपर्क स्थापित कर आम नागरिकों के शिकायत/ समस्या का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रखण्ड के प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी भाग लेकर आम नागरिकों के समस्याओं का निष्पादन करेंगें। लोहरदगा जिला में किसी गांव-मोहल्ला अन्य जगह में कहीं किसी प्रकार की समस्या य शिकायत है तो कोई भी नागरिक इस शिविर में आकर अपनी समस्या या शिकायत का समाधान करा सकते हैं। शिविर का समय सुबह 11 बजे से है। नागरिक अपनी शिकायत मोबाइल नम्बर 9470546635 पर या ईमेल आईडी पर भी साझा कर सकते हैं। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा द्वारा दी गयी।

# मांगों पर जल्द निर्णय ले सरकार : सुखदेव भगत

### एनएचएम कर्मियों का प्रतिनिधिमंडल सांसद से मिलकर ज्ञापन सौंपा

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम/जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ का लोहरदगा जिला इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को सांसद सुखदेव भगत से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। एनएचएम कर्मियों ने अनुबंध पूर्णता 60 वर्ष तक करने एवं मानदेय में वृद्धि करने की मांग किये। सांसद भगत ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और कहा कि आपकी मांगों को विभागीय मंत्री से अवगत कराकर उनका निदान करने का प्रयास करेंगे। सांसद ने कहा कि झारखंड सरकार चाहे होमगार्ड का मामला, पारा शिक्षकों, मनरेगा कर्मी, मुखिया, जलसहिया, पुलिसकर्मी, अनुसूचित सचिव कर्मचारी संघ समाहरणालय संवर्ग, साधन सेवी कर्मी, अधिवक्ताओं की मांगों पर न्यायोचित निर्णय लेकर लोगों को राहत देने का काम किया है। एएनएम का स्वास्थ्य व्यवस्था को अंतिम लोगों तक पहुंचने में अहम भूमिका रहती है। सरकार को जल्द ही उनकी मांगों पर न्यायोचित निर्णय लेना चाहिए। प्रतिनिधि मंडल में रेखा कुमारी, चांदमणि कुमारी, सीमा, प्रतिभा बाड़ा, उमा झा शामिल थे।

# प्रतिदिन पूर्वाह्न 9:00 से 12:00 बजे तक जनता की समस्या सुनें थाना प्रभारी : एसपी शंभू कुमार सिंह

### अपराध गोष्ठी का हुआ आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को अपराध गोष्ठी बैठक का आयोजन पुलिस केन्द्र गुमला में किया गया। अपराध गोष्ठी सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया कि प्रतिदिन पूर्वाह्न 09:00 बजे से 12:00 बजे तक जनता की समस्याओं को सुनेंगे एवं उसका निराकरण करेंगे। डायन प्रथा के संबंध में आमजनों के बीच समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाने हेतु निर्देश दिया गया। सड़क सुरक्षा से संबंधित जाकरूकता अभियान चलाकर आमजनों के बीच यातायात को सुद्दढ़ करना, सड़क दुर्घटना को कम कर जीवन रक्षा करना तथा लोगों को तेज, लापरवाही एवं बिना हेलमेट के वाहन नहीं चलाने के लिए जागरूक करने तथा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही करने के संबंध में चर्चा किया गया। अपने-अपने थाना क्षेत्र में सप्ताह में दो बार सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, डायन प्रथा, महिला उत्पीड़न, नशापान, नशीली मादक पदार्थों का सेवन के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाने हेतु दिशा-निर्देश दिया गया। ब्राउन सुगर तस्करी की रोक थाम हेतु मुख्य रूप से थाना प्रभारी, गुमला, घाघरा, बसिया, सिसई, भरनो व रायडीह को प्रभावी नियंत्रण हेतु निर्देश दिये गये। गृहभेदन, मोटर साईकिल चोरी व लूट से संबंधित कांडों की समीक्षा की गई तथा इसकी रोक-थाम के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये। लंबित कांड का निष्पादन की स्थिति की समीक्षा की गई। झारखण्ड के सभी जिलों में दिनांक-10 सितम्बर दिन मंगलवार को पूर्वाहन 11.00 बजे से एक साथ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस निमित सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिन-जिन थाना प्रभारी व पदाधिकारियों का प्रदर्शन अच्छा रहा उन्हें पुरस्कृत किया गया तथा जिनका प्रदर्शन औसत से कम रहा उन्हें भविष्य के लिए चेतावनी दी गई। बैठक में सभी एसडीपीओ, डीएसपी, सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे।

### प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विस्तारित समिति की बैठक में कांग्रेसियों ने उम्मीदवार उतारने की मांग की

**गुमला।** रांची के लालगुटूवा बैंक्वेट हॉल में आयोजित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में जिले के नेताओं ने जिले के विधान सभा सीटों से कांग्रेस उम्मीदवार उतारने की अपील की। ताकि गुमला जिला मेंकांग्रेस पार्टी मजबूत बन सके। बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त सह प्रभारी सप्तगिरी शंकर उल्का एवं श्रीबेला प्रसाद उपस्थित थे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने हेतु विशेष रणनीति बनाया गया। जिसमे झारखंड के सभी 81 सीटों में कांग्रेस द्वारा आवेदन मांगा गया है। सभी आवेदकों का नाम अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के चयन समिति को भेजा जाएगा और गठबंधन के तहत समझौता के साथ कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। बैठक में गुमला जिला कांग्रेस कमेटी के नेता रमेश कुमार, रोशन बरवा, अकील रहमान, जिलाध्यक्ष चैतु उरांव आदि शामिल हुए।

## गुमला में चार दिवसीय गणपति महोत्सव आरंभ

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** देवा हो देवा, गणपति देवा, स्वामी तुमसे बढ़कर कौन..गणपति बप्पा मोरया..जैसे भक्तिमय गीतों से शनिवार को गुमला जिला मुख्यालय के विभिन्न पूजा पंडाल गुंजते रहे। विधि विधान के साथ गुमला सहित प्रखंड मुख्यालयों में चार दिवसीय गणपति महोत्सव आरंभ हुआ। मंदिर की आकृति के बने पंडालों में विघ्नहर्ता भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई और विधिवत पूजा अर्चना की गई। पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा पर धूप दीप ,अच्छत, चंदन, रोरी, फूल और नैवेद्य चढ़ाया और भगवान को लड्डू का भोग लगाया गया। पूजन विधि के बाद भगवान गणेश की आरती उतारी गई। पूजा में शामिल सदस्यों ने घर परिवार समाज की सुख शांति व समृद्धि के लिए भगवान गणेश से मंगलकामना की। गुमला के पालकोट रोड शक्ति मंदिर गणेश पूजा समिति द्वारा प्रतिमा स्थापित कर भगवान गणेश की पूजा की। बड़ाईक मुहल्ला स्थित श्री बड़ा दुर्गा मंदिर, धोबी मुहल्ला व महावीर चौक में आकर्षक पंडाल का निर्माण कर गणपति बप्पा की पूजा अर्चना की जा रही है। दिन भर बजते भक्तिगीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया है। हे गणेश के पापा, घर पर पधारो गजानंद जी आदि गीत पूजा पंडालों में बजते रहे। शाम की आरती में गुमला के सभी पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने घूम-घूमकर विभिन्न पंडालों में भगवान गणेश के दर्शन किये और प्रसाद ग्रहण कर अपने सुख शांति व समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

### पति ने गला दबाकर की पत्नी की हत्या

लोहरदगा। जिले के कुडू थाना क्षेत्र के कोकर पुरनाडीह गांव में आपसी विवाद में पति ने अपनी पत्नी की गला दबा कर हत्या कर दी है। घटना की सूचना मिलने के बाद कुडू थाना पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने मामले में आरोपित को हिरासत में लिया है। जिससे पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि कुडू थाना क्षेत्र के कोकर पुरनाडीह गांव निवासी सुखराम उरांव और उसकी पत्नी संपत्ति देवी (35 वर्ष) शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चले गए थे। रात में दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। जिसके बाद कथित तौर पर सुखराम ने अपनी पत्नी संपत्ति की गला दबा कर हत्या कर दी। जब शनिवार की सुबह संपत्ति काफी देर तक सो कर नहीं उठी तो घर के अन्य सदस्यों को संदेह हुआ। कमरे में जा कर देखने पर संपत्ति को मृत पाया गया। जिसके बाद मृतिका के मायके वालों को सूचना दी गई जो मौके पर पहुंचकर कुडू थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस मामले में जांच कर रही है। मृतक के घर वालों से पूछताछ किया गया है। मामले में कुडू थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो का कहना है कि मृतक के मायके वालों ने महिला के पति पर ही हत्या का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों का खुलासा होगा।

### अंडर-17 फुटबॉल खिलाड़ी मोनिका बाड़ा के निधन पर श्रद्धांजलि सभा व कैंडल मार्च आयोजित





लोहरदगा। अंडर–17 फुटबॉल खिलाड़ी मोनिका बाड़ा के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया और उनके सम्मान में कैंडल मार्च निकाला गया। यह भावुक कार्यक्रम नदिया हिंदू हाई स्कूल के बॉस्केटबॉल कोर्ट के परिसर पर संपन्न हुआ। जिसमें उनके परिवार, साथी खिलाड़ियों, कोचों, और फुटबॉल समुदाय के सदस्यगण, सैकड़ों विभिन्न खेलप्रेमी और सामाजिक लोगों ने भाग लिया। मोनिका बारा, जो अपनी खेल प्रतिभा और समर्पण के लिए जानी जाती थीं, का 4 सितंबर को एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। इस दुखद घटना ने पूरे खेल जगत को हिला कर रख दिया है।लोगों ने मोनिका के जीवन और उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभा के बाद मोनिका की याद में एक कैंडल मार्च का आयोजन किया गया, जो वीर बुधु भगत चौक मैना बगीचा से सुभाष चंद्र बोस चौक पावरगंज पहुंचकर संपन्न हुई। जहां लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर और मौन रखकर मोनिका के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर, पूर्व राष्ट्रीय रेफरी एस सुजाउद्दीन राजा के ने कहा कि मोनिका एक असाधारण खिलाड़ी थीं, और उनका जाना हम सभी के लिए अपूरणीय क्षति है। मौके पर सरना प्रार्थना सभा के संतोष उरांव, जिला फुटबॉल संघ के सचिव जाहिद अहमद, संजय भगत, मनोज सोन तिर्की, फूलदेव उरांव, खिलाड़ी विनोद लकड़ा, सुनील उरांव, कमलेश उरांव, युवा कांग्रेस नेता गुलाम जिलानी, बीरेंद्र यादव, रेफरी रोशन मुंडा, शंकर भगत, नुसरत अंसारी, अमित अम्बर मिंज, सूरज उरांव, उपेंद्र उरांव, जितेंद्र उरांव, दिवाकर, रोहित, सजल, अनिल मुंडा, झीला कुमारी, रितु, प्रियांका, आदिति, नीलू, छाया, संदीप उरांव, विनय उरांव, कुलदीप उरांव, रणवीर, देवपुजन महतो, किशन, दुर्गेश, विनीत, बिपिन, शत्रुधन, नवीन, बासुलाल, सरोज, सुशील आदि ने श्रद्धांजलि दी।

## केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व मजबूत बूथ के बल पर जीतेंगे चुनाव : प्रवीण सिंह

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** भाजपा जिला कार्यालय में विशुनपुर विधानसभा अंतर्गत पड़ने वाले जिले के सेन्हा, भंडरा एवं पेसरार प्रखंड के कुल 104 बूथ के अध्यक्ष की बैठक शनिवार को जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में की गई। बैठक में विशुनपुर एवं सिसई विधानसभा चुनाव प्रभारी प्रवीण सिंह, जिला प्रभारी सुनीता सिंह उपस्थित थे। बूथ अध्यक्षओ को अपने अपने बूथों में बैठक कर बूथ कमिटी की समीक्षा करने, बूथ को मजबूत बनाने व केंद्र सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओ को जन-जन पहुंचाने, तथा हेमंत सरकार की वादा खिलाफी एवं नाकामियो को लोगो को बतलाने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रवीण सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याण कारी योजनाओ एवं भाजपा की मजबूत बूथ समितियों के बल पर झारखंड में इस बार बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी, इसे कोई रोक नही सकता है। बैठक में राजकिशोर महतो, पशुपति नाथ पारस, संजय कुमार, बाल कृष्णा सिंह जयप्रकाश साहू, कलावती देवी, भीखराम भगत, रजनीश सिंह, त्रिलोकी सिंह, बिनोद सिंह जोधनारायन साहू, बिनोद साहू, परभु उरांव, रामकुमार खेरवार, अशोक साहू राजकिशोर साहू आदि मौजूद थे।

## लोहरदगा में गणेश पूजा आरंभ

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले में शनिवार को गणेश पूजा का विधिवत शुरूआत हुई। भक्ति भाव के साथ लोगो ने भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अनुष्ठान किया। शहर के वाल्मीकनगर,किसको मोड़,अमला टोली,सहित कई जगहों पर प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान के साथ भगवान गणेश की पूजा की गई। देवस्थल शांति नगर किस्को मोड में पाँच दिवसीय गणेशोत्सव का प्रारम्भ पुरे बिधि बिधान से स्थापना पूजा का प्रारम्भ किया गया। पुरोहित सूरज कुमार मिश्रा के द्वारा पूजन के पश्चात दोपहर में श्रद्धांलु संजय तिवारी के द्वारा भक्तो के लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धांलुओं ने आकर भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। इस वर्ष के पूजन कार्यक्रम कि अगुवाई नारी शक्ति के द्वारा किया जा रहा हैं। जिसमें नीतू कुमारी, चंदा कुमारी, कोमल कुमारी एवं प्रियंका देवी शामिल है।

### बजरंग दल कार्यकर्ता ने किया रक्तदान

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला परिसर स्थित ब्लड बैंक में एक बच्चे की जीवन रक्षा हेतु बजरंग दल के कार्यकर्ता गौरव कुमार ने ओ पॉजिटिव ब्लड डोनेशन किया। गौरव कुमार ने बताया कि उन्होंने अपना 11वीं बार रक्तदान किया है और वह हर तीन चार महीने के अंतराल में रक्तदान करते हैं। रक्तदान कर बच्ची की सहायता कर बहुत अच्छा महसूस कर रहे हैं।

### चैनपुर में गणेश पूजा

चैनपुर। मुख्यालय स्थित मंदिर परिसर में गणेश चतुर्थी पूजा काफी धूमधाम मनायी जा रही है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर मंदिर परिसर को भव्य तरीके से सजाया गया है। भगवान गणेश की प्रतिमा लोगों को काफी आकर्षित कर रही है। सुबह के 9 बजे से ही ग्राम पुरोहित के द्वारा पूजा अर्चना शुरू की गयी।

## शिविर में आये लोगों की समस्या का हो समाधान : राजस्व सचिव

खबर मंत्र संवाददाता



झारखंड सरकार के राजस्व सचिव चंद्रशेखर ने धनामंजी में आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण पर विशेष बल दिया। उन्होंने शिविर का निरीक्षण करने के बाद मंच से अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण बहुत आवश्यक है। आज के बाद आयोजित शिविर में पौधरोपण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पौधा वितरण हेतु भी एक स्टॉल लगाया जाए। जिसमें शिविर में आने वाले लोग शिविर से एक पौधा लेकर जाएं और अपने घर आंगन के आसपास पौधा लगाए।

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत गडरपो पंचायत के धनमुजी खेल मैदान में शनिवार को आपकी सरकार आपकी योजना आपके दरबार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि झारखंड राज्य के राजस्व सचिव चंद्रशेखर, डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत , बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में राजस्व सचिव चंद्रशेखर कुमार ने आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लगी स्टॉल का निरीक्षण कर संबंधित विभाग के अधिकारियों से विभाग द्वारा संचालित हो रही योजनाओं की जानकारी लेते हुए क्षेत्र में हो रहे कार्यों की जानकारी ली। स्टॉल संचालकों को यह निर्देश दिया कि लोगों की समस्याओं को सहानुभूति पूर्वक ले और इसका निष्पादन करने का प्रयास करें। साथ ही सरकार द्वारा प्रदत योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने का निर्देश दिया है। इस दौरान उन्होंने दस स्वयं सहायता आजीविका समूह सदस्यों के बीच 45 लख रुपए का ऋण, बच्चों के बीच कल्याण विभाग से साइकिल का वितरण किया, शिक्षा विभाग के द्वारा बच्चों को शिक्षा किट दिया। मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसी उद्देश्य से ग्रामीण स्तर पर राज्य सरकार द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण अपनी समस्या निः संकोच अधिकारियों के समक्ष रखें। उनकी हर समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि जिला प्रशासन ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है। ग्रामीण अपनी समस्या निसंकोच अधिकारियों के समक्ष रखें। उनकी हर समस्याओं का समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता है। मौके पर थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह, बीइईओ जयनाथ महतो, कल्याण पदाधिकारी बिना कुमारी सहित सभी विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# कतरी पंचायत के बरकनी गांव के लोग आज भी बिजली के लिये तरसे रहे हैं

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय से 28 किलोमीटर दूरी स्थित कतरी पंचायत के राजस्व ग्राम बरकनी का शनिवार को मिशन बदलाव टीम के सदस्यों ने दौरा किया। वहीं ग्राम प्रधान लोहरा उरांव की अध्यक्षता में बरकनी अखाड़ा में मिशन बदलाव सदस्यों के साथ ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें ग्रामीणों ने गांव की समस्याओं से मिशन बदलाव के सदस्यों को अवगत कराते हुए कहा कि गांव में बिजली और रोड के लिए कई बार सर्वे हुआ। यह सिलसिला आजादी के बाद से लगातार जारी है। कई ग्रामीण उस वक्त बच्चे थे जो अब नौजवान या वृद्ध होने लगे हैं। झारखंड राज्य अलग हुए भी 24 साल हो गया है। फिर भी बरकनी गांव में बिजली नहीं पहुंच पायी। जिससे बच्चों के पढ़ाई लिखाई में काफी परेशानी हो रहा है और तो और मोबाइल जैसे जरूरी चीज को भी चार्ज करने के लिए ग्रामीणों को सोचना पड़ता है। ग्रामीण अनिल उरांव ने कहा कि विभाग को 2021-22 में ही कई बार आवेदन भी दिया गया है। जिला परिषद सदस्य तितरू उरांव को भी आवेदन दिया गया था। लेकिन अब तक गांव में बिजली या सड़क निर्माण की दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं हो पायी। ग्रामीणों ने कहा कि सिर्फ वोट के समय नेता मंत्री, उनके समर्थक और विधायक संसद के लोग आते हैं। वोट देने के बाद उन्हें कोई पूछता नहीं है। ग्रामीण भादो देवी ने कही कि अगल-बगल सभी गांव तक बिजली पहुंच चुका है तो बरकनी से सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है। अगर बिजली नहीं मिली तो विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार किया जाएगा। ग्रामीणों के समस्याओं से अवगत होते हुए मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत ने कहा कि झारखंड राज्य अलग हुए 24 साल होने के बावजूद बरकनी गांव में बिजली नहीं पहुंचना चिंता का विषय है। लोग अंधकार में जीवन बिता रहे हैं। मिशन बदलाव की टीम हर संभव मदद करने के लिए ग्रामीणों के लिये तैयार है। मौके पर मिशन बदलाव के ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनोद साहू, सूरज कुमार, बिरसु उरांव, लोथेया उरांव, सुरेंद्र उरांव व ग्रामीण उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता आज

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** भारत विकास परिषद् के तत्वावधान में आरआईटी कॉलेज रोड चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में रविवार को राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें जिले के 8 विद्यालयों के छात्र-छात्राएं हिंदी व संस्कृत में राष्ट्र भक्ति और देश भक्ति पर कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उक्त जानकारी परिषद् के अध्यक्ष प्रो. कैलाश राणा, सचिव छोटेलाल पांडेय व परियोजना निदेशक मनोज कुमार झून्नू ने संयुक्त रूप से दी। वहीं उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीवीसी केटीपीएस के डीजीएम विनोद कुमार राय, विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत विकास परिषद् उत्तर झारखण्ड के प्रांतीय अध्यक्ष रामप्रवेश पांडेय, प्रांतीय महिला एवं बाल विकास संयोजिका जूही दास गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित होंगे।

## वाहन चेकिंग अभियान में 18 वाहन जब्त

**मेदिनीनगर।** जिला ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने शनिवार को छह मुहान चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। ट्रैफिक प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस ने चार पहिया, दो पहिया व टेंपों वाहनों के कागजातों की जांच की। ट्रैफिक प्रभारी श्री अहमद ने बताया कि वाहन जांच के दौरान पाया गया कि दो पहिया वाहन के कुछ गाड़ियो के चालक बगैर हेलमेट एवं ट्रिपल लोड थे। साथ ही बिना लाइसेंस के गाड़ी चला रहे थे जबकि 05 टेंपो के चालक बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाते हुए पकड़े गए हैं। साथ ही जो नो पार्किंग में खड़ा कर वाहनपर सवारी बैठा रहे थे उनके भी वाहनों को जब्त कर सुरक्षार्थ हेतु शहर थाना में रखा गया है। उन्होंने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान 13 बाइक व पांच टेंपो को जब्त किया गया है। 18 वाहनों के चालकों को सीजीएम कार्यालय में चालान फाइन हेतू भेजा गया है।

## निरंजन ने छतरपुर विस के कई गांवों का किया दौरा

**पाटन (पलामू)।** जिला कार्य समिति सदस्य निरंजन पासवान ने छतरपुर विधानसभा के ग्राम गाड़ी,पड़वा उताकी, दुल्ही,निमिया, पाटन का भ्रमण कर भाजपा कार्यकर्ता से मिले । साथ ही ग्रामीणों से भी झारखंड विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में समर्थन मांगा और डबल इंजन का सरकार बनाने का अपील किया । श्री पासवान ने कहा कि भाजपा का ही देन है कि झारखंड राज्य अलग हुआ। अटल बिहारी बाजपेई जी ने प्रधान मंत्री बनने के बाद झारखंड, उतरांचल, छतीसगढ़ अलग किए थे। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव कहते थे कि झारखंड राज्य हमारे लाश पर बनेगा और इनका समर्थन कांग्रेस भी दे रही थी। 2014 से प्रधान मंत्री नरेंद्र भाई मोदी उन्हीं का सपना साकार करने में लगे हैं।

# अभ्रक नगरी में भगवान गणपति पूजा का उल्लास

- गणेश पूजा समिति कृष्णा वेल्फेयर सोसायटी की पूजा पंडाल का केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी व महामंडलेश्वर सुखदेव जी महाराज ने फीता काटकर किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता





**कोडरमा।** गणेश चतुर्दशी हिंदुओं का प्रमुख त्यौहार है, जिसे लेकर पूरे अभ्रक नगरी में भगवान गणपति की पूजा हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बताते चलें कि शहर के कई इलाकों में पूजा समिति के द्वारा चार दिनों के लिए प्रतिमाओं को स्थापित किया जाता है। वहीं शहर के गांधी स्कूल रोड, पुराना बस स्टैंड, पूर्णिमा टॉकीज गली में भी गणेश पूजा का आयोजन किया गया है, जिसका शुभारंभ शनिवार को किया गया है।

वहीं शहर के सीएच स्कूल रोड स्थित गणेश पूजा समिति कृष्णा वेल्फेयर सोसायटी द्वारा आयोजित पूजा पंडाल का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी व महामंडलेश्वर सुखदेव जी महाराज ने फीता काटकर किया। वहीं उन्होंने कहा कि झुमरीतिलैया जैसे शहर में भगवान गणेश के प्रति लोगों की आस्था बढ़ रही है। शहर के कई स्थलों पर पूजा पंडाल स्थापित कर भक्ति का अलख जगाया जा रहा है।

वहीं वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष गौरी भगत ने बताया कि वर्ष 2011 से लगातार बप्पा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना होती आ रही है। वहीं पिछले 13 वर्षों के भांति इस वर्ष भी बप्पा के स्वागत में भव्य तैयारियां की जा रही हैं। शनिवार से चार दिवसीय पूजा अर्चना की शुरुवात महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज के द्वारा हो गयी है। दूसरे दिन 8 सितंबर को पूजा अर्चना व संध्या में बाहरी कलाकारों द्वारा भक्ति जागरण का आयोजन होगा। वहीं 9 सितंबर को तीसरे दिन पूजा अर्चना व संध्या में जिले के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा एवं 10 सितंबर को पूजा के अंतिम दिन पूजन, हवन के उपरांत देर शाम भव्य झांकी के साथ बप्पा का नगर भ्रमण कर विसर्जन होगा। वहीं उन्होंने बताया की चार दिवसीय पूजा को लेकर समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। इस वर्ष पूजा समिति द्वारा बंगाल के भव्य दुर्गा पूजा पंडाल का प्रारूप बनाया जा रहा है, जो आकर्षण का केंद्र होगा।

वहीं नवयुवक संघ सार्वजनिक गणेश पूजा समिति गांधी स्कूल रोड के अध्यक्ष अजीत सिंह, सचिव अशोक सिंह व सदस्य ऋषि झा ने बताया कि यहां 2011 में गणपति पूजा शुरू की गयी थी, तब से लगातार अब तक बप्पा की पूजा होती आ रही है। वहीं उन्होंने बताया कि इस वर्ष पूजा पंडाल परिसर में मेला का आयोजन किया गया है, बप्पा के दर्शन के बाद श्रद्धालु भक्त मेला का लुत्फ उठा सकेंगे, मेला में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला आदि की व्यवस्था की गयी है।

वहीं पुराना बस स्टैंड आदर्श नगर में सार्वजनिक गणेश पूजा समिति द्वारा पंडाल का निर्माण किया गया है। वहीं अध्यक्ष नवीन चंद्रवंशी, सचिन, शंभू बर्णवाल, विक्की कुमार रजक ने बताया कि समिति का 14वां वर्ष है। इस वर्ष पूजा पंडाल गोल्डन थीम पर आधारित है, जहां गणपति बप्पा विराजमान होंगे। पूजा पंडाल और बप्पा की प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।

### झारखंड आंदोलनकारियों का सम्मान समारोह आयोजित

## 96 आंदोलनकारियों को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

- उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने सम्मानित कर सभी को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दीं

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देशानुसार चतरा के समाहरणालय सभा कक्ष में झारखंड आंदोलनकारियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने 96 झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान पत्र, अंगवस्त्र और मिठाई भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही, उन्होंने सभी को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दीं और अलग झारखंड आंदोलन के लिए आभार जताया।

समाहरणालय उपायुक्त कार्यालय कक्ष में अनुकंपा के आधार पर उग्रवादी हिंसा में मारे गए तीन व्यक्तियों के आश्रितों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस समारोह में उपविकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिले के कई संबंधित पदाधिकारी और कर्मी, समाजसेवी नवलकिशोर यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सबानो में प्रतिमा स्थापित कर हो रही गणेश पूजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखंड के सबानो गांव में प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम से गणेश पूजा हो रही है। गणेश पूजा का नेतृत्व गांव के प्रेम राणा कर रहे हैं। प्रेम राणा यह आयोजन बारह वर्षों से कर रहे हैं। इस आयोजन में पूरा गांव उनका साथ दे रहा है। गणेश पूजा के इस आयोजन को लेकर पूरा गांव भक्ति में डूबा हुआ है। प्रेम राणा ने बताया कि 12 वर्ष पूर्व वे मुंबई में रहकर एक प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। मुंबई में गणेश पूजा बड़े महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। उस महोत्सव में मैं भी समर्पण के साथ शामिल रहता था। गांव लौटने के बाद भी गणेश पूजा के प्रति समर्पण मेरा कायम रहा। यहां आकर मैंने गणेश पूजा की शुरूआत की जो लगातार 12 वर्षों से जारी है।

गणेश पूजा में प्रेम राणा की पत्नी और बच्चे भी निष्ठा भाव से व्रत रखते हैं और पूजा में जुटे रहते हैं। इस बार भी गांव में प्रतिमा स्थापित की गई है और उसे आकर्षक ढंग से सजाया गया है। पूजा में समस्त गांव वाले भक्ति भाव से जुटे हुए हैं और गांव का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

### गणेश महोत्सव पर शोभायात्रा का आयोजन



**चतरा।** जिले के पत्थलगड्डा प्रखण्ड के नावाडीह, सिंघानी, तेतरीया समेत अनेकों गणेश पूजा समितियों ने गणेश महोत्सव के पावन अवसर पर भव्य कलश शोभायात्रा का आयोजन किया। इस शोभायात्रा में बतौर मुख्य अतिथि बिरजू तिवारी शामिल होकर सभी भक्तों के बीच कलश वितरण कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि विघ्नहर्ता और मंगलकर्ता भगवान श्री गणेश जी हमें सृजनात्मक कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। कोई भी नया कार्य प्रारंभ करने से पूर्व गणेश जी की आराधना से निकट भविष्य में आने वाली सारी बाधाएं दूर होती हैं। उन्होंने कहा कि मैं गणपति बप्पा से आराधना करता हूं कि प्रभु की कृपा से आप सभी का जीवन सुख, शांति एवं समृद्धि से परिपूर्ण हो।

### अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने सांसद को पुष्प गुच्छ देकर किया सम्मानित



- शिक्षकों ने अपनी लम्बित प्रोन्नति, सेवासम्पुष्टि सहित प्रधानाध्यापक के सभी रिक्त पदों को भरने से सबंधित वार्तालाप की

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ कोडरमा के जिलाध्यक्ष शिव शंकर रजक के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। साथ ही शिक्षकों ने अपनी लम्बित प्रोन्नति ग्रेड 3, 4, 7, सेवासम्पुष्टि, ससमय हो, विगत 2015 के बाद प्रोन्नति, साथ ही प्रधानाध्यापक के सभी रिक्त पदों को भरने से सबंधित वार्तालाप की। मौके पर जिलाध्यक्ष शिवशंकर रजक, महासचिव रवि कांत कुमार रवि, संगठन सचिव सुभाष चन्द्र, उमेश कुमार सिन्हा, शंकर दयाल, राजकिशोर दास, ललन प्रसाद यादव, रवि लाल, जीतेन्द्र कुमार, अरविंद कुमार, सत्यदेव प्रसाद, प्रदीप धोबी, प्रकाश पंडित, राजु धोबी, रंजन कुमार गुप्ता, विनोद गुप्ता, राजीव यादव, थानेश्वर राम, संतोष कुमार यादव, रमेश गुप्ता, किशोर प्रसाद सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## मंत्री व विधायक को प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू ने सौंपा स्मार पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मनोज सहाय पिंकू ने शनिवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्य समिति के विस्तारित बैठक में झारखंड सरकार के निवेदन समिति के सभापति एवं बरही के जुझारू विधायक उमाशंकर यादव अकेला को स्मार पत्र सौंपा।

वहीं मंत्री ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार इरफान अंसारी को प्रेषित मांग पत्र में श्री सहाय ने पूरे झारखंड में पंचायत चुनाव के माध्यम से चयनित वार्ड सदस्यों की पीड़ा पर राहत प्रदान करने का निवेदन किया है। श्री सहाय ने मांग पत्र के माध्यम से बताया कि झारखंड में वार्ड सदस्यों को मानदेय ना के बराबर मिलता है, जबकि इन्हें अबुआ आवास के लाभुकों की सूची से भी बाहर रखा गया है, जो इनके साथ अन्याय है। सरकार के सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को मूर्तरूप देने में वार्ड सदस्य अग्रणी श्रेणी में रहते हैं, जबकि उनकी माली स्थिति बहुत दयनीय रहती है। मुखिया सहित वार्ड सदस्यों के मानदेय में वृद्धि करते हुए इन्हें अबुआ आवास के लाभुकों की सूची में जोड़ने हेतु आदेश पारित किया जाए। मौके पर कोलेबिरा विधायक नमन विकषण कौंगाड़ी, झारखंड प्रदेश सचिव ईश्वर आनंद, ओबीसी जिला अध्यक्ष संतोष यादव, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष फैयाज कैसर सहित कांग्रेसजन मौजूद थे।

### श्रीमद् भागवत कथा को लेकर कलश यात्रा आज

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह को लेकर 9 से 14 सितंबर तक द-सौरव बैंक्वेट हॉल में दैनिक कथा प्रसंग का आयोजन संघई परिवार द्वारा आयोजित किया जाएगा। इसमें कथा वाचक काशी के जगद्गुरु रामानुजाचार्य डॉ.पुण्डरीक शास्त्री जी महाराज प्रवचन देंगे। वहीं आयोजन समिति के संयोजक शिव रत्न संघई ने बताया कि नौ सितंबर को अड्डी बंगला रोड स्थित शीतला माता मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें झांकी के साथ महिलाएं कलश लेकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेगी। कार्यक्रम को लेकर सभी सामाजिक, स्वयंसेवी, धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी और सदस्यों को आमंत्रित किया गया है।

एक नजर में

### बैंक ऑफ इंडिया ने 119वां स्थापना दिवस मनाया



**गिद्धौर।** प्रखंड में संचालित बैंक ऑफ इंडिया ने अपना आठवां स्थापना दिवस मनाया, जबकि पूरे देश में बैंक ऑफ इंडिया की 119वीं वर्षगांठ है। बैंक के मैनेजर मनोज कुजूर ने केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की और इस अवसर पर अभिनव कुमार सिंह, सीनियर कैशियर सुमित कुमार, टिंकू, कौशल कुमार झा, पूरन चंद्र सिंह मुंडा, राहुल कुमार, मोहम्मद मुमताज, बैंक सखी सरोज कुमारी के साथ दर्जनों बैंक ग्राहक उपस्थित थे।

### इटखोरी मंडल में महिला सशक्तिकरण को लेकर बैठक



**इटखोरी।** इटखोरी मंडल के शक्ति केंद्र सहरजाम में महिला सशक्तिकरण को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंडल उपाध्यक्ष निरंजन कुमार सिंह प्रभारी के रूप में उपस्थित थे। बैठक में महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह, अनुज दांगी, मुकेश दांगी, सुनील रवानी, मुकेश सिंह सिकंदर दांगी और दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## पलामू के ज्योतिष बिरेंद्र दूबे को दिल्ली में गोल्ड मेडल से किया गया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नई दिल्ली पीरागड़ी में जेरी ज्योतिष हब एवं उंची उड़ान संस्था द्वारा 16वां अंतरराष्ट्रीय वैदिक ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें पलामू जिला समेत देश-विदेश के लगभग पांच सौ ज्योतिष शामिल हुए। सभी को संस्था के द्वारा अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। सम्मेलन में टैरोकार्ड रिटर, लाल किताब अंक, ज्योतिषी वैदिक, ज्योतिषी हस्तरेखा, वास्तुशास्त्र एवं समाजसेवी समेत अन्य लोग भाग लिये। जिसमें सभी लोग अपने अपने विषयों पर विस्तार से विचार डाला। पलामू के प्रसित्र ज्योतिष पंडित विरेंद्र दूबे ने वैदिक विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नौ ग्रह व बारह राशि में ही पूरी दुनिया समाहित है। सजीव हो या निर्जीव सभी नौ ग्रह , 12 रत्न में समाया हुआ है। उसी से सभी का अस्तित्व है। उन्होंने कहा कि नौ ग्रह व बारह राशि से ही लय विलय हो रहा है। यहां किसी को कुछ नहीं चलता है। कुछ ऐसी घटनाएं घटती है जो अदृश्य होता है। यह सभी ग्रह व राशि के ही कारण होता है। उन्होंने कहा कि वैदिक एक ऐसा विषय है जिस पर घंटों चर्चा किया जा सकता है।

सभा के अंत में संस्था के अध्यक्ष डा राकेश डागर व उनकी पत्नी रेखा डागर , वॉलीवुड अभिनेत्री महक चहल ने ज्योतिष पंडित विरेंद्र दूबे को गोल्ड मेडल एवं स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया। श्री दूबे को पहला गोल्ड मेडल वर्ष 2008 में जालंधर में आयोजित ज्योतिष महासम्मेलन में देकर सम्मानित किया गया था।

### बजरंग दल कार्यकर्ता ने किया रक्तदान

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला परिसर स्थित ब्लड बैंक में एक बच्चे की जीवन रक्षा हेतु बजरंग दल के कार्यकर्ता गौरव कुमार ने ओ पॉजिटिव ब्लड डोनेशन किया। गौरव कुमार ने बताया कि उन्होंने अपना 11वीं बार रक्तदान किया है और वह हर तीन चार महीने के अंतराल में रक्तदान करते हैं। रक्तदान कर बच्ची की सहायता कर बहुत अच्छा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने सभी युवा पढी से समय-समय पर रक्तदान करने की अपील की। मौके पर यशराज सिंह,अनूप लाल, श्याम मंत्री, लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार,अंजू किंडो उपस्थित थे।

## घाघरा मुख्यालय में दो स्थानों पर हो रही गणेश पूजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय में दो जगहों पर शनिवार को गणेश पूजा धूमधाम से आयोजित किया गया। थाना चौक स्थित गणेश पूजा समिति के पूजा पंडाल का उदघाटन जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी, थाना प्रभारी तरुण कुमार व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इसके साथ ही पूजा समिति के सदस्यों द्वारा अतिथियों को बैच पहनाकर और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

वहीं माधवंस क्लब घाघरा द्वारा पुस्तकालय भवन के समीप पूजा पंडाल में भगवान गणेश की मूर्ति का पूजन कर पट भक्तों के लिए खोल दिया गया।

मौके पर सतवंती देवी ने कहा कि भगवान गणेश सभी पर कृपा बरसायें। वहीं थाना प्रभारी तरुण कुमार ने सुरक्षा संबंधित कई विषय पर जानकारी दी।

वहीं पूजा पंडाल समितियों द्वारा आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था भी की गई थी। मौके पर उपस्थित लोगों में संतोष गुप्ता ओम गुप्ता, शंभू साहू, अखिलेश साहू, लक्ष्मी साहू, दीपक कुमार गुप्ता, सत्यम गुप्ता, टिंकू गुप्ता, निलय कांस्यकार, नीरज साहू, मनोज गुप्ता, राहुल कुमार, जसवंत महतो, विक्की कुमार, सचिन कुमार, शुभम राज, निखिल गुप्ता, प्रशांत पाठक सहित कई लोग उपस्थित थे।

### चैनपुर में धूमधाम से मनाया जा रहा गणेश चतुर्थी का त्योहार, सांस्कृतिक कार्यक्रम आज



**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के दुर्गा मंदिर परिसर में गणेश चतुर्थी पूजा काफी धूमधाम के साथ मनायी जा रही है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर मंदिर परिसर को भव्य तरीके से सजाया गया है। भगवान गणेश की प्रतिमा लोगों को काफी आकर्षित कर रही है। सुबह के 9 बजे से ही ग्राम पुरोहित के द्वारा पूजा अर्चना शुरू की गई। जिसके बाद भगवान गणेश के दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ने लगी। वहीं गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि रविवार को हवन एवं आरती के पश्चात भगवान गणेश की प्रतिमा का धूमधाम के साथ विसर्जन किया जाएगा। जिसके पश्चात दुर्गा मंदिर परिसर में बाहर से आए कलाकारों के द्वारा आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। समिति के लोगों ने सभी भक्तजनों से पूजा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## राज्य कमेटी के निर्णय के बाद हड़ताल पर जायेंगे डीलर

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन (पलामू)।** पाटन प्रखंड पीडीएस डीलर संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पाटन डीलर संघ के अध्यक्ष शेषनाथ सिंह ने की व संचालन सचिव सुनील मिश्रा ने किया । बैठक में 10 सितंबर को राज्य कमेटी की बैठक में हड़ताल पर चले जाने पर विचार विमर्श किया गया तथा निर्णय लिया गया कि राज्य कमेटी के निर्णय के उपरांत पाटन के सभी डीलर हड़ताल पर चले जायेंगे। झारखंड राज्य के सभी पीडीएस डीलर अपनी सात सूत्री मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी कर रहे हैं । समय पर कमीशन नहीं मिलने ,कोरोना अवधि से लेकर अगस्त 2024 तक कमीशन का भुगतान करने, पिछले पांच माह से कमीशन का भुगतान नहीं मिलने ,4 सिस्टम लागू करने ,अनुकम्पा देने सहित अन्य मांगों को लेकर हड़ताल करने का फैसला लिया है।

बैठक में पाटन डीलर संघ के अध्यक्ष शेषनाथ सिंह ,सुनील मिश्रा, धनंजय पाण्डेय, राजेन्द्र सिंह, प्रितम तिवारी ,प्रमोद पासवान, गीरजा मेहता, शारदा सिंह सहित सैकड़ों पीडीएस डीलर उपस्थित थे।

**स्पीड न्यूज**

## विकास शिविर का हुआ आयोजन, ऑन द स्पॉट समस्याओं का किया गया निराकरण


वृद्ध को वस्त्र देते अधिकारी।

**लातेहार।** वार्ड नंबर तीन स्थित आश्रम स्कूल में शनिवार को नगर पंचायत लातेहार अंतर्गत आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया। साथ ही भारत सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया गया। उक्त कार्यक्रम में बिजली विभाग, पशुपालन विभाग, अंचल कार्यालय, नगर पंचायत लातेहार से संबंधित कार्य, सावित्रीबाई फुले इत्यादि योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाया गया तथा उससे लाभान्वित भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में ऑन द स्पोट्र्स समस्याओं का भी निवारण किया गया तथा परिसंपत्ति का वितरण भी किया गया। वहीं सिटी मैनेजर राज कुमार वर्मा ने बताया कि नौ सितंबर को सामुदायिक भवन अंबाकोठी में विकास शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## चंदवा में रही गणेश चतुर्थी की धूम


पुजा करते भक्त।

**चंदवा।** स्थानीय लक्ष्मी निवास, पतंजलि आरोग्य केंद्र थाना टोली समेत अन्य स्थानों पर शनिवार को श्री गणेश चतुर्थी उत्सव के अवसर पर विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की पूजा धूमधाम से की गई। प्रथम पूज्य श्री गणेशजी महाराज की प्रतिमा स्थापित कर परिजन समेत आसपास के लोगो ने पूजन कर आरोग्य सुख की कामना की। पुरोहित पंडित योगेश उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यजमान प्रियम दुबे को वैदिक मंत्रोचार के बीच भगवान श्री गणेश जी की पूजा अर्चना कराई। पूजन में हरिनंदन दुबे, प्रमोद दुबे, बबलू दुबे, गौतम दुबे, पंकज दुबे, प्रीतम दुबे सपरिवार पूजन कार्यक्रम में शामिल रहे। पूजन के पश्चात काफी संख्या में श्रद्धालुओ ने दर्शन कर आशिर्वाद तथा प्रसाद ग्रहण किया। संध्या में आयोजित भजन संध्या में शशिकांत मिश्र के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने जमकर जयकारा लगाया। मौके पर शशिकांत मिश्र, मनोज दुबे, रिंकू उपाध्याय, संजीव आजाद, अनिकेत मिश्रा, वीरा दुबे समेत दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थे।

## महुआडांड़ में धूमधाम से मना गणेश महोत्सव

**महुआडांड़।** गणेश चतुर्थी का त्योहार महुआडांड प्रखंड मे पूरे धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां महाकाली संघ एवं आर्यन संघ (शिव मंदिर ) के नवयुवकों द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। पुरोहित सर्वेश पाठक ने विधि-विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की जा रही है। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय गानो से गुंजायमान हो उठा। वहीं संघ के शुभम गुप्ता उर्फ राजा ने बताया कि पांच दिवसीय गणेश महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने मे मां महाकाली संघ के गौरव धनुष, विकाश उर्फ छोटू, भोला बड़ाईक, आयुष जायसवाल, रिंकू, पप्पू, शक्ति, राहुल, अंकित, सूरज सोनी, राजा राम सहित नवयुवक भूमिका निभा रहे है। वही आर्यन संघ (शिव मंदिर) के द्वारा भी इस वर्ष धूम धाम से गणेश पूजा मनाया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से प्रिंस कुमार, अभिषेक कुमार, पंकज दास, विकास कुमार (भोला), सत्यम कुमार, निकेश कुमार, सतीश कुमार, अमित पांडेय, करन कुमार, विवेक शर्मा, सूरज कुमार, अंशु कुमार, प्रियांशु बजरंगी, हंस कुमार, विशेष जायसवाल, अंकित कुमार का अहम योगदान रहा।

## चंदवाः सड़क दुर्घटना में एक की दर्दनाक मौत, दूसरा गंभीर

**चंदवा।** सासंग-सेरक मसियातु पथ पर शनिवार की सुबह प्रखंड के बारी गांव के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं इस घटना में एक नाबालिक गंभीर रूप से घायल है। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया है। मृतक की पहचान बनहरदी गांव निवासी रमेश उरांव के पुत्र अभिषेक उरांव (19 वर्ष) के रूप में की गई है वही घायल प्रिरंजन उरांव (15 वर्ष) पिता जुगेश उरांव को रिम्स रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार उक्त दोनों लोग एक बाइक (जेएच01एफके 0974) पर सवार होकर सासंग गांव से ट्यूशन पढ़कर घर लौट रहे थे, इसी क्रम में भेड़ाटोंगरी के समीप तीखे ढलान पर बाइक अनियंत्रित हो गई व तेज गति से लोहे के बिजली पोल को टक्कर मारते सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। घटना में अभिषेक के चेहरे व सर में गंभीर चोट लगी थी। क्षेत्र भ्रमण पर निकल रहे झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा नेता ललसु राम उर्फ पांडेय भुइयां ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल एंबुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, यहां चिकित्सक डॉक्टर नीलिमा कुमारी ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया तथा दूसरे किशोर को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। मृतक अपने घर का एकलौता पुत्र था। उसके माता-पिता दोनों दिव्यांग है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना के बाद पुलिस ने बाइक जप्त कर अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी थी।

# जेएमएम फुटबॉल टूर्नामेंट आरा-चमातु की टीम 5-3 से हुई विजय

## शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 51,000 रुपये नगद व सील्ड देकर किया सम्मानित

➲ **फुटबॉल मैच का आयोजन करने से गांव की छुपी हुई प्रतिभा को निखारा जा सकता हैः बैद्यनाथ राम**

**खबर मन्त्र संवाददाता**


कबूतर उड़ाते मंत्री बैद्यनाथ राम।


फुटबॉल को किक मारकर मैच का शुभारंभ करते मंत्री।

**बालूमाथ।** बालूमाथ उच्च विद्यालय के मैदान में 12 दिनों से चले आ रहे झारखंड मुक्ति मोर्चा फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबला झाबर एवं आरा-चमातु के बीच खेला गया। जिसमें आरा, चमातु की टीम ने पेनाल्टी शुटआउट में 5-3 गोल से विजय होकर किताब पर कब्जा जमाया। इससे पूर्व मैच का उद्घाटन झारखंड राज्य के शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने कबूतर उड़ाकर एवं फुटबॉल को किक मारकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि इस तरह का फुटबॉल मैच का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य है कि इससे आपसी संभावना बना रहे एवं गांव की छुपी हुई प्रतिभा को निखारा जा सके। उन्होंने कहा कि मैंने लातेहार जिले के सभी प्रखंड में इस तरह का फुटबॉल टूर्नामेंट सभी प्रखंड में कराना शुरू किया है। बालूमाथ दूसरा प्रखंड है। इसके बाद जिला स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट कराई जाएगी। मैच समाप्ति के बाद शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 51,000/- रुपये नगद व सील्ड देकर सम्मानित किया। वहीं उप-विजेता टीम को 25,000/- नगद व सील्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बालूमाथ एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, झामुमो नेता समसूल होदा, समाजसेवी मो.मुजम्मिल, लातेहार जिप सदस्य विनोद उरांव, प्रदीप गंझु, जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश यादव, राजेंद्र गंझु, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष आमीर हयात, श्याम सुंदर यादव, राजन यादव, त्रिवेणी साव, मो.मुजाहिद, मो.अजहर वही आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद जफर समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चकला पंचायत में लगा विकास शिविर

# कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद को मिले, इसलिए सरकारी आयी है गांवः प्रभात कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**


लोगों को संबोधित करते प्रभात कुमार।

**चंदवा।** राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इस उद्देश्य के साथ हेमंत सोरेन सरकार द्वारा लगातार चौथे वर्ष चलायी जा रही आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार चंदवा प्रखण्ड में चकला पंचायत सचिवालय प्रांगण में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम के प्रतिनिधि प्रभात कुमार, झामुमुमो जिलाध्यक्ष रंजीत उरांव, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू, उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, मुखिया रंजीता एक्का, बीडीओ चंदन प्रसाद, मो. इजहार व अन्य अतिथियों ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।मौके पर मौजूद ग्रामीणों को जानकारी देते हुए प्रभात कुमार व अन्य अतिथियों ने आम जनता से शिविर के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इस उद्देश्य से लगातार चौथे वर्ष सरकार आपके द्वारा आई है। आप सभी ग्रामीण शिविर का लाभ उठाएं और विभिन्न योजनाओं को लेकर आवेदन करें।

**लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों एवं प्रमाण पत्र का किया गया वितरण**

विकास शिविर के दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों संयुक्त रूप से विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के बीच स्वीकृति पत्र और परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस दौरान पेंशन योजना, उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को साइकिल, महिलाओं को जेएसएलपीएस का आई कार्ड, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को स्वीकृति पत्र, जॉब कार्ड, धोती साड़ी व बैंक के माध्यम से ऋण की राशि का हस्तांतरण सीधे खाते में किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉल का किया निरीक्षण शिविर के दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने मनरेगा, आधार कार्ड, श्रम कार्ड, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, जेएसएलपीएस, आपूर्ति, पेंशन, विद्युत समेत अन्य विभाग के लगे स्टॉल का निरीक्षण किया। इसके पूर्व सैकड़ो ग्रामीणों ने स्टॉल के माध्यम से योजनाओं की जानकारी ली व आवेदन भी किया।मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव, प्रखंड कर्मी रितेश कुमार, रोहित कुमार, अमित कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जेई सुनील कुमार, मो. सरफराज समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

**एक नजर में**

## रक्सी में प्रतिभा खोज फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ


उद्घाटन के मौके पर उपस्थित लोग।

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत रक्सी ग्राम स्थित सरना खेल मैदान में आयोजित प्रतिभा खोज फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ शनिवार को हुआ। बतौर मुख्य अतिथि पंचायत समिति सदस्य अनुरोध कुजूर, कुशेश्वर यादव, आयोजन समिति के अध्यक्ष कुश यादव समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उद्घाटन के उपरांत पहला मुकाबला सेंट ब्रदर निंद्रा बनाम भोगता ब्रदर्स मरमर के बीच खेला गया, जिसमें निंद्रा की टीम 1-0 से जीत दर्ज कर दूसरे चक्र में स्थान पक्का किया। इसके पूर्व उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष कुश यादव ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिले इस उद्देश्य से लगातार 18 वर्षों से प्रतिभा खोज फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित की जा रही है। जिसमें बालक के साथ-साथ बालिका वर्ग के लिए भी प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। ताकि बालिकाएं भी खेल के क्षेत्र में पीछे ना रहे। वहीं अतिथियों ने भी खिलाड़ियों से अनुशासन व खेल भावना का परिचय देते हुए खेल को खेलने की बात कही। उद्घाटन के मौके पर आयोजन समिति के शिव शंकर प्रजापति, मुकेश यादव, कलेन्द्र यादव, रोहित शाहदेव, मनोज यादव समेत सैकड़ो की संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

## राज्य सरकार के खिलाफ हर वर्ग का बढ़ा है आक्रोशः कन्हाई प्रसाद



**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत भाजपा कार्यालय में शनिवार को मण्डल कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, जिप अध्यक्ष पूनम देवी, जिप सदस्य संतोषी शेखर और कन्हाई सिंह, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद और मण्डल कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद उर्फ ओपी ने शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 2024 विधानसभा चुनाव बूथ स्तरीय कार्यकताओं के दम पर लड़ेगी। इस लिए सभी कार्यकर्त्ता और पदाधिकारी बूथ को मजबूत बनाते हुए चुनाव की तैयारी में जुट जाए। वही कन्हाई प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार के खिलाफ हर वर्ग का आक्रोश बढ़ा हुआ है, और आगामी चुनाव में राज्य की जनता बीजेपी को लाने का मन बना चुकी है, इस लिए सभी पार्टी के लिए मजबूती से खडे होकर तैयारी में जुट जाए। इस दौरान मौके पर मडल उपाध्यक्ष सुनील सिंह, सखीचंद प्रसाद, महिला मोर्चा अध्यक्ष रुपाली सिंह, महामंत्री मनोज प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि दिलीप यादव, विवेक सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास सिंह, बंटी ठाकुर, रामदेव सिंह और अवधेश सिंह समेत काफी सख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मनिका प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के गोदाम में कम आवंटन मिलने पर डीलरों ने किया हंगामा

**खबर मन्त्र संवाददाता**


गोदाम में हंगामा करते डीलर।


जानकारी देते बीएसओ।

➲ **एजीएम पर खराब कांटा से कम राशन तौलने का लगाया आरोप**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित जन वितरण प्रणाली के गोदाम में कम आवंटन मिलने पर शनिवार को जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों ने जमकर हंगामा किया। साथ ही गोदाम के सहायक प्रबंधक पर खराब कांटा से कम राशन तौलने का आरोप लगाया। मौके पर उपस्थित डीलरों ने बताया कि कई दिनों से खराब कांटा से हम लोगों को आवंटन वजन करके दिया जा रहा है जब अपने दुकान पर जाकर राशन का वजन करते हैं तो राशन का वजन 1 से 3 किलो तक कम होता है अगर गोदाम से कम आवंटन दिया जाएगा तो हम लोग लाभुकों को पूरा राशन कैसे वितरण कर पाएंगे। डीलरों ने कहा कि जब कांटा खराब था तो इसकी जानकारी एजीएम को होनी चाहिए थी फिर भी इसी कांटे से वजन करके आवंटन दिया गया है जिससे साफ प्रतीत होता है कि कम राशन देने के नियत से कांटे के साथ छेड़छाड़ की गई थी और उसका पॉइंट बढ़ाकर उसी कांटे से वजन करके हमलोगों को आवंटन दिया गया है जब गोदाम से कम आवंटन मिलने की सच्चाई पता चला तो हम लोगों ने हंगामा करना शुरू किया जिसके बाद एजीएम के द्वारा कांटा में टेक्निकल खराबी बोलकर आनन-फानन में टेक्नीशियन बुलाया गया और कांटे को सही करवाने की बात कही जा रही है परंतु अभी जो आवंटन का उठाव करेंगे उसको तो सही वजन करके राशन मिल जाएगा लेकिन जो पहले से राशन उठाव कर चुके हैं उन डीलरों की कम राशन की पूर्ति कौन करेगा। वहीं जब इस विषय पर गोदाम के सहायक प्रबंधक शामू उरांव से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि अगर आवंटन कम था तो डीलरों को उठाव नहीं करना चाहिए था,जब आवंटन कम होने की बात बताई गई तो आवंटन का उठाव रोक दिया गया था। मौके पर उपस्थित जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का मांग किया है।

**क्या कहते हैं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी :** वहीं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार से जब इस विषय पर बात किया गया तो उन्होंने कहा कि जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के द्वारा शिकायत मिलने पर मामला संज्ञान में आया है जब इसकी जांच की गई तो राशन वजन करने वाला कांटा खराब होने की बात सामने आई, एक तरह से कह सकते हैं कि यह एक टेक्निकल प्रॉब्लम है और टेक्नीशियन बुलाकर कांटे को ठीक करा दी गई है अगर आवंटन कम था तो डीलरों को गोदाम में ही जांच करानी चाहिए अपने दुकान ले जाने के बाद राशन कम बताना यह सही नहीं है। उन्होंने कहा कि डीलरों को संतुष्ट कराकर ही आवंटन देना एजीएम का काम है और सही राशन होने के बाद ही उठाव करना डीलर का काम है इसलिए इसमें दोनों की गलती है। उन्होंने कहा कि अगले बार से इस पर सुधार कर डीलरों को संतुष्ट होने के बाद ही उन्हें आवंटन उपलब्ध करवाई जाएगी।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन


योजनाओं की जानकारी देते नसीम व अफजल अंसारी।

**बरवाडीह।** शनिवार को बरवाडीह प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह बरवाडीह बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने कई जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है। हेमंत सोरेन ने जनता से जो भी वादे किए उससे कहीं ज्यादा करके दिखाया है। समाज के हर वर्ग को योजनाओं का लाभ दिया गया है। यही कारण है कि राज्य सरकार पर लोगों ने भरोसा जताया है। वहीं जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष अफजल अंसारी ने कहा कि हमारी सरकार अबुआ आवास योजना, मईया सम्मान योजना, 200 यूनिट मुफ्त बिजली जैसी कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। इसके अलावा शिविर के माध्यम से उत्तराधिकारी नामंतरण एवं आपसी बंटवारा, म्यूटेशन, जाती, स्थानीय, आवासीय जैसे कई योजनाओं का लाभ लोग उठा रहें है। साथ ही साथ लाभुकों की शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया जा रहा है। इसके पूर्व शिविर का उदघाटन बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, जिप सदस्य संतोषी शेखर, सीओ मनोज कुमार, बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल और जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष अफजल अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर अंचल निरीक्षक सुरेश राम, अधिवक्ता सह समाजसेवी रवि कुमार, एमओ अरविंद रवि, पीएम आवास प्रखण्ड समन्वयक दीपक कुमार, ड्रेसर राजेश चंद्र सिन्हा, डॉ.प्रमोद कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## मनिका : आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित मनिका पंचायत सचिवालय परिसर में दिन शनिवार को झारखंड सरकार कि आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जहां पर बीडीओ मनोज कुमार तिवारी, सीओ संतोष शुक्ला,बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, एमओ चन्दन कुमार,कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान,ग्राम प्रधान रजत कुमार, उप मुखिया अजित कुमार,समेत कई विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं शिविर में प्रखंड के विभिन्न विभागों के कर्मियों के द्वारा अलग-अलग स्टॉल लगाकर मईयां सम्मान योजना,अबुआ आवास,अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा, कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, पेयजल और स्वच्छता विभाग, कृषि सहकारिता पशुपालन व मत्स्य, राजस्व, स्वास्थ्य, समेत विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई और उनके आवेदन स्वीकार किए गए साथ ही कई मामलों का ऑन द स्पॉट समाधान भी किया गया। मौके पर बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ने गरीबों,असहाय व जरूरतमंद लोगों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया ताकि कोई भी योग्य लाभुक सरकार के योजनाओं का लाभ लेने से वंचित ना रहे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में आकर सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने का अपील किया। मौके पर,मिथिलेश पासवान,मुरारी ठाकुर,समेत कई लोग उपस्थित थे।

## भाजपा से कई कांग्रेस में गये

**बरवाडीह।** मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह की कार्यशैली तथा राज्य सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर शनिवार को सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेंदी पंचायत निवासी सह भाजपा नेता विजय शर्मा, रितेश पटेल, सुरेश सिह, राजेंदर सिह, फुरनचंद सिह, कासिम अंसारी, मोहर सिंह, पपन खान, समिम अंसारी और जाफर अंसारी की अगुवाई में सभी लोगों ने एक साथ विधायक के मंगरा स्थित आवास पर पहुंच भाजपा को अलविदा कह दिया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# चंदवा के लोहसिंगना डैम में एक व्यक्ति के डूबने से मौत

## प्रशासनिक मौजूदगी में 20 घण्टे की कड़ी मेहतन के बाद ग्रामीण गोताखोरों के द्वारा निकाला गया शव

**खबर मन्त्र संवाददाता**


मामले की जानकारी लेते विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार।


डैम से शव निकालते गोताखोर।

➲ **चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने ली घटना की जानकारी, शिक्षामंत्री वैद्यनाथ राम के प्रतिनिधि पहुंचे घटना स्थल**

**चंदवा।** बालूमाथ में रेलवे द्वारा खोदे गए गड्ढे में डूबने से 3 बच्चो की मौत के बाद शुक्रवार की देर शाम चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत जमीरा पंचायत के महुआमिलान ग्राम के लोहसिंगना टोला के लोहसिंगना डैम में हरदयाल यादव (50) के डूबने का मामला सामने आया है। हरदयाल यादव के डूबने के बाद ग्रामीण शव को डैम से ढूंढने व बाहर निकालने के प्रयास में रेस्क्यू ऑपरेशन 20 घण्टे तक चली तब जाकर सफलता मिली व शव को बाहर निकाला गया। इधर व्यक्ति के डूबने की सूचना के बाद चंदवा अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक व चंदवा पुलिस टीम की टीम भी शनिवार की सुबह मौके पर मुस्तैदी के जुटी थी व पूरे मामले की जानकारी ली साथ ही घण्टो खुद ही निगरानी में स्थानीय गोताखोरों की सहायता से विभिन्न तरकीबो द्वारा डूबे व्यक्ति को बाहर निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन डूबा हुआ व्यक्ति डैम के कितनी गहरायी में है कुछ पता नही चला पा रहा था। प्रशासन के द्वारा दूसरे क्षेत्रों से भी तैराकों की टीम बुलाई गई, जिन्होंने स्थानीय गोताखोरों की मदद से पूरे डैम में शव की तलाश की तब जाकर शव मिल पाया।

**चतरा सांसद ने ली घटना की जानकारी, मंत्री के प्रतिनिधि पहुंचे घटना स्थल**

इधर घटना की जानकारी के बाद चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने भाजपा का मंडल अध्यक्ष अमित कुमार व प्रखंड प्रशासन से पूरे मामले की जानकारी ली। वहीं शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम के प्रतिनिधि प्रभात कुमार भी घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे, परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया साथ ही चल रहे रेस्क्यू कार्य का कभी जायजा लिया। मौके पर पंचायत की मुखिया दुर्गावती देवी, झामुमो जिला उपाध्यक्ष सीतमोहन मुंडा, युवा जिलाध्यक्ष रंजीत उरांव, बीससूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, मनोज चौधरी, आशीष सिंह, पूर्व मुखिया बैजू मुंडा, ब्रह्मदेव प्रजापति समेत काफी संख्या में अन्य लोग भी मौजूद थे।

**क्या है मामला**

ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम हरदयाल यादव डैम में नहाने के लिए उतरा था, जिसके बाद वह तैरते तैरते काफी गहराई में चला गया व डूबने लगा, डैम के पास ही खेल रहे कुछ बच्चो की नजर उस पर पड़ी लेकिन डैम काफी गहरा होने के कारण बच्चे कुछ नही पाए। घर पहुंच के बच्चो ने इसकी जानकारी ग्रामीणों व परिजनों को दी जिसके बाद से ग्रामीण डैम पहुंचे व देर रात्रि से शव को डैम से निकालने की कवायद में जुट गए। इधर शनिवार देर शाम तक प्रशासनिक मौजूदगी में रेस्क्यू चला तब जाकर सफलता मिली। इधर शव के निकलने के बाद कोहराम मच गया व परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

